# पिकअप गाड़ी में मिले प्रतिबंधित पशुओं के सैकड़ों कटे पैर, हंगामा

- पुलिस मौके पर पहुंची, हिंदू ने पुलिस को सौंपी तहरीर
- पुलिस ने बरेली शहर निवासी चालक और हेल्पर को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर धनेटा फाटक के पास सड़क हादसे के दौरान स्थानीय लोगो की मदद से पुलिस ने पिकअप को पकड़कर प्रतिबंधित पशुओं के कटे लगभग डेढ़ हजार से अधिक पैर बरामद किए।

सूचना पर पहुंचे गौ रक्षा प्रकोष्ठ के विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष महिपाल गुर्जर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। फतेहगंज पश्चिमी पशु चिकित्सा अधिकारी देश दीपक और मीरगंज पशु चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने मेडिकल के लिए सैंपल तैयार करके मथुरा मेडिकल लैब को भेजने के लिए पुलिस को सौंप दिया है। मेडिकल कराने को लेकर हिंदू संगठन के लोगों और पुलिस के बीच बहसबाजी भी हुई। जिस कारण स्थानीय थाना और मीरगंज, शाही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बरेली शहर निवासी चालक साजिद, हेल्पर सराफत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन थानों से गौबध तस्करी की गाड़ी निकलने से लोगों में आक्रोश है।

मिली जानकारी के अनुसार बरेली से प्रतिबंधित और गैर प्रतिबंधित पशुओं के करीब डेढ़ हजार कटे पैर लादकर एक पिकअप UP 25 ET 8661 रामपुर जा रही थी। फतेहगंज पश्चिमी टोल टैक्स से बचने के लिए चालक पिकअप को शाही होते शीशगढ़ मार्ग पर मौजूद धनेटा फाटक से गुजार रहा था। फाटक क्रास करते ही। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामपुर की ओर मुड़ने पर अनियंत्रित पिक अप सवारी उतार रही राजमार्ग पर खड़ी रोडवेज में पीछे से घुस गई। पिकअप के पीछे चल रहा चौपहिया वाहन पीछे से पिकअप में घुस गया।टक्कर से तेल पाइप फटने के कारण पिकअप खड़ी हो गई।टक्कर की आवाज सुनकर इकट्ठे हुए राहगीर और स्थानीय दुकानदार आदि लोगों को पिकअप में से बदबू आ रही थी। साथ पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण पशुओं के कई पैर बाहर दिखने लगे। जिसको लेकर सभी ने पिकअप का पीछे का हिस्सा खोलकर देखा तो सैकड़ो की संख्या में बेजुमान प्रतिबंधित पशुओं के पैर निकल कर रोड फैल गए। लोगों के शोर शराबा करनें पर फाटक पर तैनात पुलिस कर्मियों ने पिकअप को कब्जे में ले लिया।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी मय फोर्स के पहुंच गए। सूचना पर गौ रक्षा प्रकोष्ठ के विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष महिपाल गुर्जर,तहसील प्रभारी नवनीत गंगवार,निरंजन युद्धवंशी,राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष रोहित गंगवार,मुकेश गंगवार, इन्द्रपाल राजपूत आदि मौके पर पहुंचकर हंगामा करनें लगे।जिस पर सीओ मीरगंज अंजनी कुमार तिवारी मीरगंज,शाही पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए।हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मेडिकल परीक्षण के लिए डॉक्टर को मौके पर बुलाने पर अड़ गए।जबकि पुलिस थाना ले जाकर मेडिकल कराने के लिए कह रही थी। जिसको लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और पुलिस के बीच तीखी नोक झोंक भी हो गई। हालांकि बाद में पुलिस ने मीरगंज पशु चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार और फतेहगंज पश्चिमी पशु चिकित्सा अधिकारी देश दीपक को मौके पर बुला लिया। दोनों डॉक्टर टीम के द्वारा प्रतिबंधित पशुओं के कटे पैर के सैंपल लेकर डिब्बे में पैक करके पुलिस को सौंप दिए। जिला उपाध्यक्ष महिपाल गुर्जर की तहरीर पर पुलिस ने थाना बरदारी के हजियापुर खजूर वाली मस्जिद निवासी साजिद हुसैन और जम्बू कश्मीर के जनपद राजौरी थाना मंडी निवासी सरफराज अहमद के खिलाफ पशु क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## नदी में उतराता मिला पृथ्वीपुर के युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रतनगढ़ के पास धौरा नदी में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान ग्राम पृथ्वीपुर के प्रेम शंकर के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर करीब 02:00 बजे ग्राम रतनगढ़ के पास धोरा नदी में एक युवक का शव उतराता मिला। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गई, और आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराई गई। शव की शिनाख्त ग्राम पृथ्वीपुर निवासी प्रेम शंकर उम्र 35 वर्ष पुत्र पूरन लाल के रूप में हुई। पानी में काफी समय रहने के कारण शव सड़ व गल गया था। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक शराब का आदी था। मृतक के तीन बच्चे भी हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस हुआ सम्पन्न



- किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को स-समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस में आए किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को स-समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। उप कृषि निदेशक द्वारा विगत माह के किसान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में बिन्दुवार अवगत कराया गया। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह द्वारा समस्त कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराये जाने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही बताया गया कि वह नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते है, एवं फार्मर रजिस्ट्री होने के उपरान्त ही कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि लाभ प्राप्त करने के साथ अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उनके विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत विभाग में चल रही ओटीएस योजना की जानकारी भी दी गई।

किसान दिवस में कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, गन्ना विभाग, जनपद के प्रगतिशील कृषक सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नाबालिग लड़की को रिश्तेदार की मदद से भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। जिला बरेली के परतापुर निवासी एक युवक मुस्तकीम अपने रिश्तेदारों की मदद से अपने साथ भगा ले गया था। बताया जाता है कि लड़की घर से एक तोला सोने के झाले, एक तोला सोने की चूड़ी अपने साथ ले गई थी।

इस मामले में पुलिस ने मुस्तकीम सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मुस्तकीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश सरकार 25/26 का बजट जनविरोधी: मुहम्मद साजिद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** उत्तर प्रदेश सरकार का बजट 2025-26 जनविरोधी है। किसानों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए बजट में ठोस कदमों की कमी है। इसमें किसान कृषि क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। किसानों को राहत देने के लिए अब कोई ठोस नीति नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी मुहम्मद साजिद ने कहा कि गन्ना किसानों का बकाया भुगतान और समर्थन मूल्य बढ़ाने पर भी स्पष्ट योजना नहीं। सिंचाई और खाद सब्सिडी पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। नई नौकरियों के अवसरों पर कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए राहत पैकेज या विशेष योजनाओं की कमी है। महंगाई और गरीबों के लिए राहत की कमी, महंगाई से निपटने के लिए कोई ठोस योजना नहीं, तो वहीं गरीबों और निम्न वर्ग के लिए नए कल्याणकारी कार्यक्रमों की कमी है।शिक्षा और स्वास्थ्य पर कम ध्यान दिया गया है। शिक्षा के बजट में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है। सरकारी अस्पतालों और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ा निवेश नहीं किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बजट आवंटन कम किया गया है। राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार की योजनाएं स्पष्ट नहीं।

### सभी बच्चों के आधार कार्ड बनाने को बीईओ ने दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

डीएम ने तीन वर्ष के सभी बच्चों के आधार कार्ड बनाने पर दिया है जोर

**देवरनियां।** तीन वर्ष तक के सभी बच्चों के आधार कार्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी को लेकर ब्लॉक दमखोदा (रिछा) के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने आदेश जारी किया है।

बीईओ जगदीश कुमार द्वारा सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन को आदेश जारी कर ग्राम और कस्बे के तीन वर्ष तक के सभी बच्चों और आंगनबाडी केन्द्रों पर नामांकित बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए ग्राम प्रधान और एसएमसी सदस्यों से सम्पर्क कर ब्लॉक संसि केन्द्र रिछा पर भेजने को कहा है। उन्होंने प्रचार के लिए मस्जिदों और मंदिरों से ऐलान करवाने को भी कहा है। बीईओ जगदीश कुमार ने बताया कि डीएम ने इस संबंध में कड़े निर्देशष जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि तीन वर्ष तक का कोई भी बच्चा आधार कार्ड बनने से न छूटे।

### मुस्लिमों के पवित्र माह रमजान में सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रमजान शरीफ मुसलमानों का मुकद्दस और पवित्र महीना है। जिसमें दुनिया भर के मुसलमान दिन में रोजा रखते हैं और रात में तरावीह पढ़ने मस्जिद जाते हैं और देर रात तक अल्लाह की इबादत करते हैं।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि रमजान का महीना 1 या 2 मार्च से चाँद देखकर शुरू होगा। जिसका ऐलान काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां कादरी करेंगे।

सलमान मियां ने बताया कि उन्होंने प्रदेश भर में सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। जिसमें खासकर तरावीह की नमाज जो शहर भर की मस्जिदों में देर रात तक होती है। जिसको लेकर कोई भी अप्रिय घटना न हो, मौजूदा समय में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर हम प्रार्थना करने वालों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का अनुरोध किया है। जिसमें पुलिस गश्त में वृद्धि के साथ मस्जिदों, दरगाहों और शहर की शाही जामा मस्जिदों की कड़ी सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी और मॉनीटरिंग की जाये। इसके साथ बरेली प्रशासन से भी अनुरोध किया गया ही कि गत दो वर्षों से बरेली में सहरी के वक्त खुराफातिओं ने शहर का माहौल बिगड़ने की कोशिश की थी। इसको लेकर जल्द ही बरेली के प्रमुख लोगों के साथ मीटिंग की जाएगी।

### खंड शिक्षा अधिकारी के कहने पर ड्राइवर ने ली पांच हजार रुपये रिश्वत, रंगेहाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** बिथरी चैनपुर विकास क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अवनीश प्रताप के कहने पर पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते उनके ड्राइवर वीरपाल को एंटी करप्शन की टीम ने गुरुवार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम उसे कोतवाली लेकर आई। जहां टीम ने बीईओ अवनीश प्रताप सिंह व वीरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी वीरपाल क्योलड़िया थाना क्षेत्र के ज्योति जागीर गांव का निवासी है। कैंट थाने के मोहनपुर गांव स्थित पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इलियास ने शिकायत दर्ज की थी कि बीईओ ने उनसे माह अप्रैल व मई का रुका वेतन निकलवाने के बदले पांच हजार रुपये मांगे थे। अधिकारी के कहने पर उनके कार्यालय के बाहर वीरपाल यह रकम लेने आया था, जो गिरफ्तार कर लिया गया।

# छात्र-छात्राओं को कराया श्री केसरी लाल भानवती इंटर कॉलेज भोपतपुर का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** विकासखण्ड दमखोदा (रिछा) के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रहपुरा गनीमत के छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ट्यूनिंग/पेयरिंग के लिए श्री केसरी लाल भानवती इंटर कॉलेज भोपतपुर ले जाया गया।




युग्मित विद्यालयों के बीच अकादमिक और सह पाठ्यचर्या सम्बन्धी गतिविधियों, विचारों, दृष्टिकोणों, शिक्षण विधियों, तकनीकों की पहचान और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा किया गया। यह भ्रमण बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक रहा। बच्चों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद, विचारों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान का भी अवसर मिला। सभी छात्राओं ने बहुत रोचक ढंग से पूरे इंटर कॉलेज का भ्रमण किया एवं नई-नई जानकारियां प्राप्त की। सभी छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रयोगशाला को बहुत ही रुचि से देखा। विद्यालय के छात्र एवं इंटर कॉलेज के बच्चों ने साथ में कई सांस्कृतिक प्रोग्राम भी किए। बच्चों के सर्वांगीण विकास में पेयरिंग प्रोग्राम बहुत ही सफल रहा। बच्चों ने इस भ्रमण से बहुत कुछ सीखा और अपने ज्ञान को बढ़ाया। इस शैक्षिक भ्रमण में प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार, स.अध्यापक वीरेन्द्र पाल एवं स. अध्यापक उमाकांत भी मौजूद रहे।

# चोरी के सात इंजन और पांच चेसिस सहित मैकेनिक व साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने चोरी के इंजन और चेसिस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों में एक मोटरसाइकिल मिस्त्री भी शामिल है। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।



गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नैनीताल रोड पर गुरूद्वारे के सामने स्थित मोटरसाइकिल मिस्त्री पप्पू बुलेट की दुकान में छापा मारकर चोरी के सात इंजन और पांच चेसिस बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से मोटरसाइकिल मिस्त्री मो. आरिफ उर्फ पप्पू बुलेट पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी मोहल्ला टांडा व उसके साथी वासिफ पुत्र मोहम्मद वाहिद निवासी मंडनपुर जनूबी को पकड़ा है। इंजन और चेसिस को कब्जे में लेने के बाद पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ ले आई। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद मजिस्ट्रेट के आदेश पर जेल भेज दिया है।

# महाशिवरात्रि और होली के त्यौहार को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

## शांति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के सम्बन्ध में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

- आगामी त्यौहारों को सकुशल, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के संबंध में दिए गए आवश्यक निर्देश
- निगरानी हेतु आमजन मानस की छतों पर पुलिस कर्मियों की लगेगी ड्यूटी और ड्रोन से भी होगी निगरानी
- सोशल मीडिया पर पैनी नजर, अफवाह फैलाने का प्रयास करने वालों पर होगी विधिक कार्यवाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में महाशिवरात्रि, होली के पर्व एवं रमजान माह में शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के संबंध में जनपद के गणमान्य व्यक्तियों एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।


बैठक में विभिन्न तहसीलों से आये गणमान्य व्यक्तियों से उक्त पर्वों को लेकर उनके क्षेत्र में समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी, जिसके अन्तर्गत लोगों ने मार्ग दुरूस्त कराने, साफ-सफाई, ढीले विद्युत तारों को ठीक कराने, अतिक्रमण हटवाने जैसी समस्याओं के बारे में जानकारी दी गयी, तदनुरूप सम्बंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि के पर्व पर विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्राएं निकलती हैं व मेले आयोजित होते हैं। अतः जहां-जहां मेला लगता है या शोभायात्राएं निकलती हैं, उन मार्गों पर गड्ढे, जलभराव, बिजली के तार आदि का लटकना, साफ-सफाई व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर पूर्व से व्यवस्थाएं दुरूस्त करा ली जाएं। अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए गए कि मेला स्थलों आदि पर आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही देख लें। होलिका दहन स्थलों का भी विशेष ध्यान रखा जाए, होलिका सुरक्षा समिति का गठन किया जाए। होली वाले दिन जुमे की नमाज भी है तो ऐसे में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।बैठक में निर्देश दिए गए कि महाशिवरात्रि पर मंदिरों पर भीड़ को व्यवस्थित करने हेतु बैरिकेटिंग आदि करा लिया जाए, मंदिरों में श्रद्धालुओं को आने-आने जाने के लिए अलग-अलग द्वार बनाए जाएं। ड्यूटी लगाते हुए ध्यान रखें कि एक ही व्यक्ति की एक ही समय पर अलग-अलग दो स्थानों पर ड्यूटी न लगायी जाए। पूर्व में जहां-जहां घटनाएं हुई हैं वहां के लोगों से पहले से बात कर लें, और उसका निस्तारण भी करा लें। आगामी त्योहारों में यदि कोई जानबूझकर माहौल खराब करने का प्रयास करता है ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बोर्ड परीक्षा, महाशिवरात्रि, होली, जुमे की नमाज, अलविदा की नमाज व उसके बाद ईद को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से यह बुलायी गयी है। आगामी सभी त्योहार भली प्रकार से सम्पन्न हो यह हम सबकी जिम्मेदारी है। बैठक में पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि क्षेत्रीय भ्रमण अपनी गाड़ी से नहीं बल्कि पैदल क्षेत्र के स्थानीय लोगों के साथ करें और उनसे फीडबैक भी लें। रास्ते में मैनहोल, लटकते विद्युत तार, धार्मिक स्थलों, खुले ट्रांसफार्मर आदि स्थलों पर भी पैनी नजर रखें, जिससे समय रहते उन कमियों को ठीक कराया जा सके। बैठक में बताया गया कि निगरानी हेतु आमजन मानस की छतों पर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगेगी और ड्रोन से भी निगरानी होगी ऐसे में यदि किसी की छत पर ईट-पत्थर रखें हो तो उसे हटवा दें अन्यथा की दशा में कार्यवाही होगी। किसी गांव में कोई शिव मंदिर है और वहां जल चढ़ता है तो उसकी जानकारी संबंधित थाने में जरूर नोट करा दें। बैठक में निर्देश दिए गए कि आगामी त्योहारों में अफवाहें ना फैलने पाये, अक्सर कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुरानी या कहीं और की वीडियो भेजकर महौल खराब करने का प्रयास करते हैं तो उनपर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि कोई भी व्यक्ति होली या अन्य त्योहार से सम्बंधित जानकारी/सूचना 0581-2990450 पर दें सकते हैं यदि व्यक्ति चाहे तो सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारिक, एसपी देहात, समस्त एसीएम/उप जिलाधिकारी/ पुलिस क्षेत्राधिकारी, पीस कमेटी के सदस्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने होटल में मारा छापा

- कमरे खुलवाए तो शर्म से झुक गईं नजरें




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला में हिंदूवादी संगठनों की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को बिसौली रोड के पास ओयो से जुड़े एक होटल में छापा मारा। होटल से पुलिस ने दो महिलाओं और तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इन पर अश्लील हरकतें व अनैतिक गतिविधियां करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। होटल पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट एसडीएम को भेजी है।

हिंदूवादी संगठनों के सुनील गुप्ता, अनुपम शंखधार, रामगोपाल, शिवम, हिमांशु आदि ने आरोप लगाया कि गांव कसूमरा के पास स्थित होटल में लव-जिहाद, देह व्यापार जैसी अनैतिक गतिविधियां हो रही हैं, जिससे कभी भी माहौल बिगड़ सकता है। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने होटल में छापा मारा। पुलिस ने होटल के कमरे खुलवाए तो दंग रह गई। अलग-अलग कमरों में आपत्तिजनक हालत में महिला और युवक मिले। पुलिस ने होटल से दो महिलाओं और तीन युवकों को पकड़ा।

पूछताछ में युवकों ने अपना नाम धीरज कुमार निवासी ग्राम चूल्हरा, मुजीम खां निवासी ग्राम भिडौरा थाना बिशारतगंज और गोविंद उर्फ हरिशंकर निवासी मोहल्ला ओमनगर निकट मैनपुरी बताया है। महिलाओं ने खुद को जिला फिरोजाबाद के थाना शिकोहाबाद का निवासी बताया है। बताया जा रहा है कि होटल में घंटों के हिसाब से कमरे दिए जाते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बरेली में स्पा सेंटर में हुई थी कार्रवाई

बरेली के प्रेमनगर में सोमवार रात अवैध रूप से संचालित बुद्धा स्पा सेंटर में पुलिस ने छापा मारा था। स्पा सेंटर में युवतियों को नौकरी के नाम पर देह व्यापार के लिए मजबूर किया जाता था। विरोध करने वाली महिलाओं को संचालक एक अन्य महिला के साथ कमरे में बंद करा देता था। सोमवार की रात पुलिस ने सेंटर पर छापा मारकर तीन युवकों और दो युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था।

स्पा सेंटर का मुख्य संचालक मोनू चौधरी है, जो भोली-भाली युवतियों को नौकरी का लालच देकर फंसाता है, फिर उन्हें जबरन देह व्यापार में धकेल देता है। एक पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने मोनू चौधरी, रेखा समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# माफिया अशरफ के साले गैंगस्टर सद्दाम और लल्ला गद्दी की संपत्ति होगी कुर्क, जिलाधिकारी ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले गैंगस्टर अब्दुल समद उर्फ सद्दाम व उसके गुर्गे मोहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी की 5.29 करोड की संपत्ति कुर्क की जाएगी। बुधवार को बरेली के डीएम रविंद्र कुमार ने आदेश कर दिया। 15 दिन के भीतर कुर्की की जाएगी। जब अशरफ बरेली सेंट्रल जेल में था, उसी दौरान उसकी शह पर सद्दाम व लल्ला गद्दी ने अवैध तरीकों से संपत्ति अर्जित की थी। अक्तूबर में सद्दाम की लग्जरी कार भी 11.50 लाख रुपये में कुर्क कर दी गई थी।

प्रयागराज के थाना पुरामुफ्ती के गांव हटवा उपहार अहमदपुर निवासी सद्दाम बरेली के फाइक एन्क्लेव में रहता था। बारादरी थाना क्षेत्र के ही चक महमूद कांकरटोला का रहने वाला लल्ला गद्दी उसका खास गुर्गा है। अशरफ के बरेली सेंट्रल जेल में रहने के दौरान दोनों ने अवैध तरीकों से संपत्ति अर्जित की थी। अतीक और अशरफ की काली कमाई को ठिकाने लगाने का काम भी सद्दाम और लल्ला गद्दी करते थे।

15 अप्रैल 2023 को प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद दोनों के खिलाफ बिथरी चैनपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। बाद में गैंगस्टर एक्ट लगाया गया था। इसके बाद बारादरी थाने में भी लल्ला गद्दी के खिलाफ रंगदारी के दो और मामले दर्ज कराए गए।

डीएम रविंद्र कुमार ने कुर्क की गई संपत्ति का प्रशासक एसडीएम सदर को नामित किया है।

सद्दाम और लल्ला गद्दी को तीन माह का समय दिया गया है। इस दौरान दोनों को कुर्क की गई संपत्ति के स्रोतों और अर्जन की परिस्थितियों को दर्शाते हुए जिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखना होगा। अगर इसके बाद पक्ष रखा तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। एसएसपी ने चार फरवरी को डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। इसमें सद्दाम व लल्ला गद्दी की हरूनगला स्थित भूमि गाटा संख्या 530 व 531 कुल क्षेत्रफल 1.5810 हेक्टेयर में से 1/10 भाग करीब तीन बीघा भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 5,29,44,360 रुपये है को गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा (14) 1 के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने का अनुरोध किया था। रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने अधिनियम के तहत शक्तियों और अधिकारों का प्रयोग करते हुए 15 दिन के भीतर अचल संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र दानिश को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर उससे सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरे परिवार के अन्य सदस्य उसके किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**कौशर अली पुत्र महबूब शाह निवासी-वार्ड-13, नई बस्ती कस्बा व थाना देवरनियां, तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

# पुरामहादेव मंदिर पर लगने वाले मेले का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

## सुरक्षा के साथ-साथ पानी व साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में परशुरामेश्वर महादेव मंदिर पूरा पर फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के प्रसिद्ध ऐतिहा. सिक मेला 25 फरवरी से 27 फरवरी 2025 तक संपन्न होने जा रहा है इसके दृष्टिगत गुरूवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मंदिर मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु कावड़िया हरिद्वार एवं विभिन्न स्थानों से पैदल पवित्र गंगाजल लाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। जनपद के पुरा महादेव मंदिर की मान्यता प्राचीन समय से मानी जाती है फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेले की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ने मेले के दृष्टिगत साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न कराने जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस मेले को 5 ज़ोन व 12 सेक्टर में विभाजित किया गया है ।

जिसमें साफ सफाई पेयजल आपूर्ति प्रकाश यातायात इत्यादि की व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की डयूटी भी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि मेला परिसर को साफ सुथरा रखना सब की प्राथमिकता है मेला परिसर में जगह-जगह डस्टबिन लगाए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है उन्होंने इस मेले को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों की डयूटी लगा दी गई है जिससे कि मेल से कुशल संपन्न हो और श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो जिसमें 26 फरवरी 2025 को 11 बजकर 8 मिनट पूर्वाहन पर झंडारोहण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़िया व शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए उनके लिए अच्छे मार्ग की व्यवस्था हो मेडिकल व्यवस्था हो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो और उन्होंने कहा मार्गों की साफ-सफाई अच्छे से होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पूरा महाद. ेव मंदिर परिसर में पक्की मजबूत बैरिकेटिंग को देखा और जलाभिषेक करने में किसी शिव भक्त को भी असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा जलाभिषेक के समय जनता एक स्थान पर एकत्रित नहीं होनी चाहिए आवागमन बना रहे। जिलाधिकारी ने कहा सभी संबंधित विभागों को जो जिम्मेदारी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दी गई है इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपनी डयूटी को ईमानदारी के साथ करें अपने से संबंधित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर लें।





# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद मे पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना छपरौली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान अवैध शास्त्र के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके कब्ज़े से एक तमंचा .12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवाक पर थाना छपरौली मे अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार युवक हर्षित पुत्र मोरध्वज निवासी ग्राम सिकन्दर थाना हरदी का निवासी बताया गया है।

वही दूसरी ओर, जनपद मे अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को थाना बिनौली पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है जिस पर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति कल्लू ऊर्फ लालबहादुर पुत्र धनपाल निवासी कस्बा बिनौली का निवासी बताया गया है।







# हाईवे पर भैंसा बुग्गी दौड़ का वीडियो प्रसारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव स्थित दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर हुई भैंसा बुग्गी दौड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

गुरुवार को करीब साढे 12 बजे मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बागपत क्षेत्र के काठा गांव स्थित दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर भैंसा बुग्गी दौड़ आयोजित की गई। पाली से काठा गांव तक दौड़ कराने का दावा किया जा रहा है और यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो 13 और 11 सेकेंड का है। वायरल वीडियो में दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर दौड़ रही भैंसा बुग्गियों के साथ बाइकों पर युवाओं की भी भीड़ नजर आ रही है। इतना ही नहीं भैंसा बुग्गी दौड़ाने वालों का हौसला बढ़ाते हुए भी युवक नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो दो दिन पुरानी बताई जा रही है। लेकिन जिस तरह से हाईवे पर कब्जा कर भैंसा बुग्गी की दौड़ कराई गई। उससे वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि स्टंट बाजी और बिना परमिशन के हुई इस दौड़ को लेकर अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जाँच मे जुट गई है।



# लेखपाल पर आरोपियों से सांठ-गांठ कर खतौनी बदलने व रिश्वत का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विशेष समुदाय के लोगों पर मकान उनके नाम न करने पर जलाकर मारने की धमकी देने का आरोप। बिलौचपुरा के पीड़ितों ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

गुरुवार को थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के करीब साढे 11 बजे बिलौचपुरा गांव के लोगों के मुता. बिक करीब 50 साल पूर्व उन्हें पट्टे की भूमि आवंटित की गई थी। उसके बाद वर्ष 1991-92 में सरक. ारी मकान सरकार द्वारा जीवन निर्वहन करने के लिए मकान बनवाकर दिए थे। तभी से अपने परिवार के साथ उक्त भूमि पर अपना जीवन निर्वहन कर रहे है, जिनकी रसीद व खतौनी की प्रमाणित प्रतिलिपि की छाया प्रति भी है। लोगों का आरोप है कि विशेष समुदाय के दर्जनों लोग



दबंगई दिखाते हुए उनकी झूठी शिकायत कर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि दो महीने के अंदर मकान उनके नाम नहीं किए तो जलाकर मार देंगे। उन्होंने बताया कि लेखपाल ने आरो. पियों से साठ-गाठ कर खतौनी बदल दी तथा रिश्वत लेकर झूठी रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को भेजी दी। भूमि को तालाब पर अतिक्रमण के झूठे वाद दर्ज करा दिए। विरोध करने पर घरों पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दी। पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर मनोज कुमार एडवोकेट, संगीता, सुनीता, राज. कुमार, राजू, बबीता, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

## भुगतान न होने पर किसानों ने गन्ना नहीं देने का लिया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भैसाना शुगर मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने दाहा में बैठक की। इसमें भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताई और समय पर भुगतान नहीं मिलने पर भैसाना मिल को गन्ना नहीं देने का फैसला लिया गया। दाहा में आयोजित किसानों की बैठक में किसान सतबीर, प्रताप, सुखबीर, धर्मपाल ने कहा कि सरकार ने गन्ना मूल्य भी नहीं बढ़ाया। इसके लिए जल्द आंदोलन शुरू किया जाएगा। भैसाना चीनी मिल ने अभी तक बकाया भुगतान नहीं किया, इससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मिल अगेती प्रजाति का गन्ना ले रहा, लेकिन सामान्य प्रजाति के गन्ने की पर्ची नहीं भेजी जा रही। बैठक में पहुंचे वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ललित तोमर, गन्ना प्रबंधक योगेंद्र डबास ने किसानों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हर महीने 40 करोड़ का भुगतान किया जा रहा है। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल, मांगेराम, धर्मपाल, ओमकार, देवेंद्र, आनंद, तेजपाल, अरविंद, इकबाल ने बैठक को संबोधित किया। भैसाना मिल मालिक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होने कहा कि अगर उनकी मांगे पुरी नहीं हुई तो क्षेत्र के किसानों की इस बार भारी संख्या में पंचायत की जाएगी।

# किसान वर्ग में बजट को लेकर नाराजगी, समस्याओं पर नहीं कोई ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरकार द्वारा पेश किए गए ऐतिहासिक बजट पर अलग-अलग वर्गों से भिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। बजट में मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने की घोषणा से शैक्षणिक क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

किसान वर्ग में बजट को लेकर नारा. जगी देखी जा रही है। जनपद के किसानों का कहना है कि बजट में उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी इंद्रपाल सिंह ने किसान कर्ज माफी, बिजली समस्या का समाधान और कृषि उपकरणों पर छूट की मांग की है। बीजेपी नेता कुलदीप भारद्वाज ने बजट का बचाव करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बीज. ेपी सरकार ने गन्ना मूल्य में वृद्धि की है और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया है। उनके अनुसार, सरकार किसानों के लिए नई कल्याणकारी योजनाएं भी ला रही है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार का दावा है कि बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं व गरीबों के लिए बनाया है। किसान वर्ग इस दावे से सहमत नहीं दिख रहा है।



# मंडलीय खेल प्रतियोगिता में जनपद की टीमों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** मेरठ में आयोजित मंडलीय खेल प्रतियोगिता में जनपद की टीमों ने कबड्डी में किया प्रतिभा प्रदर्शन। सीनियर और सब जूनियर वर्ग में बनी विजेता। स्टेट चैंपियनशिप के लिए मेरठ मंडल का करेंगे प्रतिनिधित्व, जबकि जूनियर में मेरठ की टीम विजेता बनकर स्टेट चैपियनशिप के लिए दम भरेगी।

युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यूपी ग्रामीण खेल लीग में सहारनपुर व मेरठ मण्डल की जनपदीय टीमों ने प्रतिभाग किया। यह खेल प्रतियोगिता मेरठ के चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में हो रही है। खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विशेष तोमर द्वारा बताया गया कि जिले की सीनियर बालक वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग का फाइनल मुकाबले में बागपत 23 प्वाइंट और शामली19 प्वाइंट के रोमांच मुकाबले में जनपद ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीमों के जनपद में पहुंचने पर बागपत युवा कल्याण अधिकारी वैश्विक डबास, कबड्डी जिला सचिव नरेंद्र सिंह, विशाल कुमार , क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग अधिकारी अंकित कुमार, हरीश मिश्रा, सोनू कुमार द्वारा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा स्टेट चैंपियनशिप में भी जनपद का नाम रोशन करने के लिए सतत् अभ्यास का आहवान किया।



# रटौल पीएचसी पर हुई पहली डिलीवरी, स्वास्थ्य टीम ने निभाई अहम भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पीएचसी पर ब्रहस्पतिवार को पहली डिलीवरी की गयी जिसके बाद रटौल में प्रथम डिलीवरी के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी खुश नजर आये और लोगो को स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

रटौल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर बृहस्पतिवार को पहली डिलीवरी सफलतापूर्वक कराई गई। इस ऐतिहासिक मौके पर स्वास्थ्य टीम ने पूरी तत्परता के साथ कार्य किया रटौल निवासीऔर को कोशिदा पत्नी जुनैद को बेटा हुआ जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। स्टाफ नर्स महिमा, आशा संगिनी भावना चौधरी, सुमन भारती और आशा कार्यकर्ता निक्की की टीम ने



मिलकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया। पहली बार पीएचसी में डिलीवरी होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है, क्योंकि अब महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि भविष्य में यहां और अधिक प्रसव कराए जाएंगे, जिससे ग्रामीण महिलाओं को लाभ मिलेगा।

## सात दिवसीय भागवत कथा व कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** घिटौरा गांव मे सात दिवसीय भागवत कथा और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से गांव का भम्रण करते हुए वापस मंदिर पहुंची कथा में पहले दिन कथावाचक कथा व्यास श्याम बिहारी महंत भागीरथ महाराज ने राधा कृष्ण का सुन्दर वर्णन किया।

घिटौरा गांव में पिछले 28 वर्षो से हर वर्ष श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे गुरूवार को सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गयी जो मंदिर प्रांगण से शुरू हुई और गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण मे पहुंची। जहा गांव मे जगह जगह कलश यात्रा का फूलो की वर्षा कर स्वागत किया गया।इस मौकें पर आयोजक देवेन्द्र प्रमुख, सतपाल भगत, संतराम, ताराचंद, रतन प्रवीण प्रमोद आदि मौजूद रहे।



# 23 फरवरी में होने वाली पंचायत को सफल बनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे 23 फरवरी को मड़ोला में होने वाली पंचायत को सफल बनाने का आहवान किया गया।

लहचौड़ा गांव में भारतीय किसान यूनियन नेता दीपक शर्मा के आवास पर एक किसानों की पंचायत का आयोजन किया जिसमें वक्ताओ ने बोलते हुए कहा की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टोनिका सिटी, बिजली घर आदि ने लिए जमीन अधिग्रहण की गयी थी लेकिन किसानो को उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया गया। जिससे मडोला में पिछले पाचं वर्ष से किसान धरने पर बैठे है। वही घिटोरा गांव में भी किसान दो वर्ष से गांव के बाहर धरने पर बैठे और उचित मुआवजा दिलाने और किसानो की मांग रखी जा रही है लेकिन सरकार सुनने को तैयार नही है। जिससे लेकर मड़ोला में 23 फरवरी को महापंचायत का आयोजन होना है। जिसमे राकेश टिकैत भी पहुंचेगे। किसानो ने ज्यादा से ज्यादा किसानो के पहुंचने का आहवान किया है। पंचायत की अध्यक्षता बिरज भूसन त्यागी व संचालन विनोद चौधरी ने किया। इस मौकें पर बिल्लू प्रधान ,परवीन मलिक ,टीनू चौधरी, दीपक ,बाल. कराम शर्मा, आजाद वीर, भोपाल सिंह, दलसिंह यादव, राजकुमार यादव, विनोद आदि मौजूद रहे।



# अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर युवा संगोष्ठी का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बृहस्पतिवार को ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण से सम्बद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा द्वारा अंत. रराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें युवा तरुणाई द्वारा सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए मंथन किया गया।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सोनू ने बताया कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस हर साल 20 फरवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है। इसमें गरीबी, बहिष्कार, लैंगिक असमानता, बेरोजगारी, मानवाधिकार, और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल होते हैं। ताकि समाज में प्रत्येक व्यक्ति अपने मानवाधिकारों और आत्मसम्मान के साथ जीवन बिताये। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और सामाजिक न्याय को आदर्श मानना है। युवक मंगल दल अध्यक्ष इनाम उल हसन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2025 की थीम एक स्थायी भविष्य के लिए एक न्यायसंगत परिवर्तन को मजबूत करना रखी गई है। यह थीम यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि बदलाव विशेष रूप से रोजगार, जलवायु परिवर्तन नीतियों और आर्थिक संरचनाओं में, निष्पक्ष और समावेशी हों, जिससे कोई भी पीछे न छूटे और सबको समान अधिकार मिले। कार्यक्रम के अंत में युवक मंगल दल सचिव ताहिर अब्बास द्वारा युवाओं को सामाजिक न्याय को स्थापित करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान शाहिद चौधरी, डा जितेंद्र,अनस चौधरी, शाकिब, महकार, हुसैन, फिरोज ठाकुर, शादाब,फुरकान, शावेज़, वकार ठाकुर, एहतेशाम, साहिब, गुलबहार राणा इत्यादि मौजूद रहे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से सेवानिवृत फौजी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से सेवानिवृत्त फौजी पुष्पेंद्र (48) की मौत हो गई। सड़क हादसा दोघट थाना क्षेत्र के बामनौली गांव के पास हुआ। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दोघट थाने के प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुष्पेंद्र के परिवार में उनकी मां गिरा. जो, दो पुत्र अजय कुमार और अक्षय कुमार तथा दो बेटियां अंजली और अनु हैं। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच कर रही है।



**सूचना**

मेरे पुत्रों का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्रों अमित कुमार व अनुज कुमार से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जयवीर पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम लुहारी थाना व तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

एक बैनामा क्रम सं.2364 पेज सं. 363/390 जिल्द सं. 13780 दिनांक 11.05.2009 से 17.12.2009, रामपाल चौहान पुत्र देवेन्द्र चौहान निवासी ग्राम जखोली जिला सोनीपत हरियाणा के नाम से है, जो आदेश कुमार पुत्र बनारसी दास निवासी अर्जुनपुरम, बागपत से वास्तव में कही खो गया है।

# बजट पर बोले व्यापारी, अधिवक्ता, किसान व महिलाएं

(सुहैल खान)
शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहाबाद/रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को रामचरितमानस की चौपाई पढ़कर लगातार छठवीं बार बजट पेश किया।

इस दौरान भाषण के बीच शेर ओ शायरी से सपा पर निशाना भी साधते नजर आये वित्त मंत्री। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के द्वारा पढ़े गए आठ शेरों पर सीएम योगी और अन्य विधायक हंसते नजर आए। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना वर्ष 2020 से लगातार बजट पेश कर रहे हैं। इस दौरान वित्त मंत्री ने पांच बड़ी घोषणाये भी की। मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर यूपी के बजट में इस बार 12वीं कक्षा में अच्छे नंबर लाने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को फ्री में स्कूटी मिलेगी। इस दौरान की वित्त मंत्री ने शायरी करते हुए शेर पढ़ा जिस दिन से चला हूं मेरी मंजिल पर नजर है। आंखों ने कभी मिल का पत्थर नहीं देखा। बजट 2025 में युवाओं महिलाओं और किसानों के लिए कई घोषणा की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योगी सरकार का चौथा और अब तक का सबसे बड़ा बजट बताया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर किसान, अधिवक्ताओं, व्यापारी और महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखें।



केशव ज्वेलर्स के प्रोपराइटर केशव कुमार गुप्ता कहते हैं कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के द्वारा प्रस्तुत बजट बैलेंस बजट है जिसमें सभी का ध्यान रखा गया है। मध्यमवर्गीय लोगों महिलाओं और व्यापारियों का खास ध्यान रखा गया है बजट से व्यापारी में खुशी है।





**एडवोकेट मासूम मियां** का कहना है कि इस बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं है बड़े उद्योग. पतियों के लिए ही यह बजट बना है। सरकार को बजट में गरीबों के लिए विशेष स्थान देना चाहिए था।



**एडवोकेट मोहसिन खान** का कहना है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को बजट बनाते समय अधिवक्ताओं के बारे में भी सोचना था लेकिन उन्होंने अधिवक्ताओं को पूरी तरह से नजर अनाज किया है।

**किसान नेता आकिल खां** कहते हैं कि किसानों को ध्यान में रखते हुए बजट बनाना चाहिए था किसानो की अहम जरूरत डीजल खाद बीज को सस्ता करते हुए किसानों को राहत देने चाहिए थी। मगर ऐसा नहीं हुआ।



व्यापार मंडल के **नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता** का कहना है सरकार ने इस बजट में महिलाओं छात्रों मजदूर व्यापारियों का ध्यान रखते हुए बजट बनाया है बैलेंस बजट है।





**किसान नेता शन्नू खान** का कहना है कि आज पेश हुए बजट से किसानों में मायूसी है। इस बजट में किसानों को नजरअंदाज किया गया है। वित्त मंत्री को किसानो की समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बजट बनाना चाहिए था।



**दुकानदार दानिश खां** कहते हैं कि यह बजट उद्योगपतियों को ध्यान में रखकर उनके लिए बनाया गया है मिडिल क्लास को इसमें इग्नोर किया गया है।



ग्रहणी मुदस्सरी बेगम का कहना है कि इस बजट में रसोई को अंदाज किया गया है गैस की कीमतों में कोई कमी नहीं की गई है। ग्रहणी भी लोकतंत्र का हिस्सा है। वित्त मंत्री को बजट बनाते समय रसोई को भी ध्यान में रखना चाहिए था।



किसान नेता हाजी मोहम्मद रफीक का कहना है कि बजट से किसानों में मायूसी है खाद एवं बी सस्ता होना चाहिए या आवारा पशुओं से आजतक कोई निजात नहीं मिली। सरकार के वायदे हवा हवाई साबित हुए हैं। सरकार अपने वायदे पर खरी नहीं उतरी।



बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तकरीर रहमान का कहना है कि आज पेश हुए बजट में वकीलों के लिए वित्त मंत्री ने कोई योजना नहीं बनाई है वकीलों को नजर न करते हुए यह बजट बनाया गया है जो वकीलों के पूरी तरह से खिलाफ है।



एडवोकेट रेहान खान का कहना है कि अधिवक्ता समाज की अहम कड़ी है योगी सरकार को सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए बजट बनाना चाहिए था लेकिन इस बजट में गरीबों, मजदूरों और अधिवक्ताओं को पूरी तरह से अंदाज किया गया है।



मंडल अध्यक्ष एवं विधानसभा 38 प्रभारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मिलक रामपुर रिजवान अली का कहना है कि उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए बजट को बनाया गया है।



विवेक कुमार पांडे एडवोकेट चौयरमेंन गन्ना समिति रामपुर कहते हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सब स्पर्शी एवं समावेशी बजट प्रस्तुत किया गया है समाज की हर वर्ग के जीवन में खुशहाली तथा गांव गरीब किसान एवं नौजवान को समर्पित बजट है निश्चित रूप से यह बजट उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाकर उत्तम प्रदेश बनाने में सहयोगी होगा।

## स्वार टाण्डा विधायक ने विधानसभा सत्र में उठाए विकास कार्य के मुद्दे



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने चल रहे विधानसभा सत्र के द्वितीय दिवस पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय के समक्ष स्वार टांडा के विकास कार्यो की मांग की झड़ी लगा दी इस दौरान उन्होंने अपनी विधानसभा में उत्तराखंड राज्य से सटे हुए गांवों में कच्चे की भूमि में काफी वर्षो से रह रहे लोगो को मालकिना हक दिलवाने ,स्वार टाण्डा को रोड बस अड्डे की स्थापना,टांडा में अत्यधिक राईस मील होने की वजह से इंडस्ट्रीयल जोन बनाना, मंडी समिति बनाये जाने बाईपास बनाना,स्वार में 50 बेड का अस्पताल, ग्रामीण क्षेत्रों की भांति नगरों में भी घरोनी सुविधा लागू करने,शाहबाद से स्वार बाजपुर मार्ग आदि की मांग विधानसभा के द्वितीय सत्र में शीघ्र कराने की रखी इससे पहले विधायक शफीक अंसारी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराए जिसमे हाईमाक्स लाइटे स्वार टाण्डा में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जा रही हैं और सड़कों के भी कार्य चल रहे है।जिससे इन कार्यो से जनता में खुशी की लहर है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर बाइक सवार महिला घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/ रामपुर।** तेजरफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर ।गुरुवार को सिरौली जिला बरेली थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी वासुदेव अपनी 55 वर्षीय पत्नी रामवती के साथ अपनी बाइक से किसी निजी काम से शाहाबाद आ रहे थे कि टांडा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों पति पत्नी सड़क किनारे गिर गए। हादसे में रामवती के दोनों कूल्हों में गंभीर चोट आई ।हादसा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। एम्बुलेंस 108 को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया डॉक्टर द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार दिया गया दोनों कूल्हों में गंभीर चोट होने की वजह से रामवती को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सरकारी स्कूल में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा/रामपुर।** गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय हजरतनगर में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय को रंगोली, फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। उत्सव का प्रारंभ दौड़ प्रतियोगिता से हुआ जिसमें प्रथम स्थान पर अभय कुमार ने बाजी मारी। द्वितीय स्थान पर नंदनी और तृतीय स्थान पर जतिन ने जीत हासिल की। दौड़ के बाद सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 4 की छात्रा अमृता ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कक्षा 3 के छात्र कृष व तृतीय स्थान पर कक्षा 4 की छात्रा दरख्शां रहमानी रहीं। विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में



भाग लिया। बच्चों ने सुरीली आवाज में कविताएं सुनाई और देशभक्ति गीतों पर थिरकते नजर आएं। विद्यालय के स्टाफ ने भी बच्चों के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष विकास कुमार तथा उपाध्यक्ष अनिल कुमार सुंदर लाल पूनम राखी हरवंशी सुरेश कुमार विक्रम जबर सिंह सहायक अध्यापक दीपक शर्मा रुखसार राजवती हरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे प्रोग्राम का बच्चों को प्रधानाध्यापक द्वारा मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। सभी बच्चों को तरह-तरह के उपहार दिए गए। प्रोग्राम की अध्यक्षता विकास कुमार ने तथा संचालन हेड मास्टर सईद रहमानी ने किया।

## विकास में बाधा डालने पर प्रधान ने की एसडीएम से शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** विकास कार्य में बाधा डालने पर प्रधान ने उप जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है । विकास खंड क्षेत्र के ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ की प्रधान कैलाशो देवी ने उपजिला अधिकारी सुनील कुमार से मिलकर एक शिकायती पत्र सौपा पत्र में कहा गया है । जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम में प्लांटर का सौंदर्य का कार्य चल रहा है जबकि ग्राम के ही रेवती नंदन पुत्र नाथू लाल अपने कृषि यंत्र में रोड पर खड़े कर देता है जिससे चल रहे कार्य में बाधा पड़ रही है अप व्यक्ति अपने मनमर्जी पर उतारू है मना करने पर दबंग दही दिखता है और झगड़ा पर उतारू हो जाता है प्रधान ने उप जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है।

## दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने मिष्ठान वितरित कर खुशी मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** दिल्ली प्रदेश मे भाजपा सरकार बनने पर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के आवास पर खुशी में मिठाई का वितरण किया गया। नगर पालिका परिषद मिलक की अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश दीक्षा गंगवार के आवास पर महिलाएं एकत्रित हुई। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रभारी रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीक्षा गंगवार महिला मोर्चा के आवास पर सभी महिलाओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी जाहिर की तथा महिलाओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधी आबादी को जो सम्मान दिया है। इसके लिए उनके लिए बधाई प्रेषित की और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय की



तारीफ की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीक्षा गंगवार महिला मोर्चा, मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, दीपा रस्तोगी, राजेश्वरी सागर , राम मूर्ति गंगवार, वीरवती कोरी, हेमा देवी कोरी, तारावती कोरी, तारावती सक्सेना, गीता देवी, तिवारी, मंजू शर्मा, कृष्णा कश्यप, रामप्यारी कोरी, सोनी कश्यप, मनी चौहान आदि रहे।

## शोक सभा कर न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को बार एसोसिएशन शाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर राघवेंद्र सिंह का लगभग 70 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से साथी अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं ने शोक सभा की और न्यायिक कार्य से विरत रहे ।उसके बाद अधिवक्ता इकट्ठा होकर उनके गांव मधुकर पहुंचे परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। सभी अधिवक्ताओं ने अपने चेंबर बंद रखें ।इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट तकरीर रहमान खा महासचिव अनोद शर्मा वरिष्ठ



उपाध्यक्ष सुहेल खान तारिक खाँ, अमर सिंह, ताहिर खान, वसीम खाँ, मासूम मियां, मुनेश यादव , निधि यादव , घनेंद्र यादव, संजीव मिश्रा , आनंदपाल सिंह ,संजीव श्रीवास्तव, रेहान खान ,मोहसिन खान, फहीम अकरम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 25 फरवरी को हागा टाण्डा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी सत्यपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा रोजगार संगम पोर्टल लॉच किया है। रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा तहसील टाण्डा स्थित सरस्वती गर्ल्स पीजी कॉलेज सरकथल टाण्डा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 25 फरवरी 2025 को प्रात: 10:00 बजे से किया जायेगा। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा, साक्षात्कार के समय एक फोटो एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति साथ आवश्यक है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग हेतु अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन अवश्य कराएं तथा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली किसी भी कम्पनी पर आवेदन कर सकते है। रोजगार मेला पूर्णतया नि:शुल्क है। यदि कोई भी कम्पनी अभ्यर्थियों से कॉल/एसएएस के माध्यम से कोई फीस या धनराशि की मांग करती है तो किसी भी तरह का भुगतान न करें। इस हेतु यात्रा-भत्ता देय न होगा।

## डंकी रूट से विदेश भेजने वालों पर 12 मुकदमे दर्ज

'kkg VkbEl C;jk

ihyhHkhrA युवकों से मोटी रकम लेकर उन्हें डंकी रास्तों से विदेश भेजने के मामले में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय गंभीर हो गए हैं। उन्होंने एएसपी और क्राइम ब्रांच टीम के साथ पूरनपुर में डेरा डाल दिया। इस दौरान कबूतर बाजी के 12 मुकदमे दर्ज कर कई कबूतर बाजों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। इसमें बंडा रोड पर एक बड़ी कालोनी विकसित करने वाले एक युवक व एक चर्चित सिख को भी हिरासत में लिया। लेकिन देर रात दोनों के मोबाइल लेकर उन्हें छोड़ दिया। इसी कॉलोनी में रहने वाले कई कबूतर बाजों से अभी पूछताछ की जा रही है। इसमें एक बैंक मैनेजर भी बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूरनपुर में क्षेत्र के युवकों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी के मामले पिछले कई वर्षो से आ रहे हैं पुलिस रिपोर्ट तो दर्ज करती है लेकिन जांच के बाद उन्हें क्लीन चिट दे देती है। या कुछ लोगों पर राजनीतिक दबाव के चलते हाथ नहीं डालती है। लेकिन वर्तमान में अमेरिका में डंकी रूट से पहुंचे भारतीयों को वापस भेजने के बाद जिले के पुलिस कप्तान अविनाश पांडे गंभीर हो गए। उन्होंने कबूतर बाजों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## ओयो होटल पर पुलिस का छापा युवक युवती पकड़े

**पीलीभीत।** शहर में रोडवेज के नजदीक अमरिया बस स्टैंड के पास ओयो संचालित हो रहा है। गुरुवार सुबह कोतवाली पुलिस ने एक सूचना के बाद छापामारी की। इस दौरान ओयो से एक युवक-युवती को हिरासत में लिया गया। कुछ लोग पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग गए। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर कोतवाली आ गई। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर दबिश दी गई थी। यहां से युवक युवती को हिरासत में लिया गया। दोनों बालिग हैं।

## मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम में हुई दस्तारबंदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरूवार को मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम, शौकत अली रोड, सिविल लाइन में जश्ने दस्तारबंदी का प्रोग्राम हुआ जिसमें मदरसे के चार बच्चे कुरान हाफिज हुए। हाफिज मोहम्मद साकिब हाफिज मोहम्मद फरहान हाफिज मोहम्मद इरफान हाफिज मोहम्मद हस्सान के पगड़ी बांधी गई वह सनद दी गई।

प्रोग्राम में तशरीफ फरमा मेहमाने खुसूसी किबला हजरत अल्लामा मौलाना अतीफ मियां कादरी सज्जादा खानकाहे आलिया कादरी बदायूं शरीफ ने बयान फरमाया की कुरान व इल्म सीखना हर मोमिन पर फर्ज है अपने फरमाया कुरान सीखना अल्लाह और उसके प्यार नबी से मोहब्बत का इजहार कराता है। जलसे में मौजूद मुफ्ती दिलशाद अहमद कादरी बदायूंनी ने भी तलबा को हाफिज ए कुरान होने की फजीलत बयान फरमाते हुए कहा कि हाफिज ए कुरान को अल्लाह की तरफ से रोजा ए महशर में नूर का ताज पहनाया जाएगा व हर मो. मिन अपने बच्चों को दीनी वह दुनियावी तालीम सिखाएं ।जलसे में मौजूद मुफ्ती ताहिर उल कादरी अफजल पुरी ने इल्म की रोशनी पर बयान किया व नमाज की पाबंदी और उसकी एहमियत बयान फरमाई।मोहतमिम मदरसा मोहम्मद अजहर कादरी ने मदरसे का परिचय देते हुए बताया कि मदरसे में दीनी तालीम के साथ दर्ज पांच तक दुनियावी तालीम भी दी जाती है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 मरीजों की एक्सरे तथा बलगम की हुई जांच

**पूरनपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा ने अध्यक्ष /जिला अधिकारी पीलीभीत के दिशा निर्देशन में ग्राम रघुनाथ पुर में 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक्सरे तथा बलगम की जांच करी गई।

## सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने किया सरकारी स्कूलों का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवीने गुरूवार को सैदनगर ब्लाक के प्रा. वि. खरकपुर, हकीमगंज, लालपुर का निरीक्षण किया। विद्यालयों में जाकर षिक्षकों व छात्रें से बात की। तब प्रा.वि. खरकपुर के शिक्षकों ने बताया कि हैड मास्टर मुदित टण्डन बिना किसी उचित कारण के काफी समय से स्कूल से अनुपस्थित चल रहे है। तथा मौके पर भी अनुपस्थित पाये गये तथा बच्चों से भी पूछा गया कि हैड मास्टर मुदित टण्डन स्कूल आते हैं या नही तब बच्चों ने भी कहा कि वह कभी कभी स्कूल आते हैं तथा साथ ही निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पूरे स्कूल में अंधोरा है। कमरों में बलब व लाईटों की व्यवस्था भी नहीं है।



बच्चे अंधोरे में ही नीचे पट्टी पर बैठ कर पढ़ रहे हैं तथा शिक्षिकों से पूछा कि बच्चे अंधोरे में और पट्टी पर बैठ कर क्यों पढ़ रहे है और हैड मास्टर स्कूल क्यों नहीं आ रहे हैं। तब कोई भी शिक्षक सन्तोशजनक जवाब नहीं दे सका और मिड-डे-मिल के बारे में भी कोई सन्तुष्ट जवाब न दे सके।

सांसद ने स्कूल से ही बी0एस0ए0 से मोबाईल के माधयम से सम्पर्क किया। तब बी.एस.ए.द्वारा भी हैड मास्टर के गायब रहने का कोई सन्तुष्ट जवाब नहीं दिया। ग्राम हकीमगंज के प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान प्रधाान अधयापिका सुनीता द्वारा बताया गया कि एक महिला टीचर 10 जुलाई 2024 से बिना किसी उचित कारण के अनुपस्थित चल रही है। बी.एस.ए. से महिला टीचर के गैर हाजिर होने का कारण पूछा गया तथा महिला टीचर के विरूद्व क्या कार्यवाही की गयी। इस पर भी बी. एस.ए. द्वारा सन्तुश्ट जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद सांसद मुहिबुल्लाह नदवी ने ग्राम लालपुर के विद्यालय का निरीक्षण किया तब वहां पर हैड मास्टर शबनम आरा मौजूद मिली और सभी स्टाफ भी स्कूल में मौजूद मिला और स्कूल की साफ-सफाई, बच्चों के बैठने की बैंचे आदि प्राईवेट स्कूल स्कूलों से भी अच्छी मिली।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

